तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 8 अक्टूबर 2025

14 जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में ई-ऑफिस..



14 कुत्ता के मुंह में दिखा नवजात भ्रूण का शव, पुलिस ...





## सद्भाव: घर वापसी पर जय श्रीराम और हर हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे

# धर्मांतरित दो परिवार अपने धर्म में लौटे शंकर मंदिर में कराया गया पूजा पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



- सरपंच ने कहा- धर्मांतरण के पीछे लालच और गलत जानकारी है बड़ा कारण

धार्मिक और सामाजिक सद्भाव का संदेश देने वाला एक प्रेरणादायी उदाहरण कांकेर जिले के सरोना ग्राम से सामने आया है। ग्राम सरोना के भर्रीपारा में निवासरत रामप्रसाद सलाम एवं कपिल मरकाम अपने पूरे परिवार के साथ पुनः हिंदू धर्म में वापसी किया है। दोनों परिवार के प्रमुखों का कहना है कि लगभग दो वर्ष पूर्व कुछ प्रलोभनों के कारण ईसाई धर्म में चले गए थे। लेकिन समय के साथ उन्होंने अपनी गलती को महसूस किया और अपने मूल धर्म हिंदू धर्म में वापिस लौटने का निर्णय लिया। सरोना में इसी विषय को लेकर दो दिन पहले लगभग 35 गांव के लोगों ने बैठक किया और धर्मांतरण को लेकर चिंता जताया था। इस बैठक में यह तय किया गया था कि गांव के जिस परिवार ने धर्मांतरण किया है, उससे संवाद करके उसके धर्मांतरण करने का कारण जाना जाएगा और उसको अपने धर्म में वापिस होने की समझाईश दिया जाएगा। इस बैठक का यह परिणाम सामने आया कि सरोनों के भर्रीपारा के दो परिवार के प्रमुख एवं सदस्य अपने मूलधर्म में वापिस आ गए। ग्रामवासियों ने दोनों परिवारों का स्वागत परंपरागत तरीके से पैर धोकर और आरती उतारकर घर वापसी कराया, यह दृश्य अत्यंत भावनात्मक रहा। इस दौरान ग्राम सभा में मौजूद ग्रामीणों ने भी दोहराया कि वे अपने गांव में किसी भी प्रकार के धर्मांतरण के प्रयासों का विरोध करेंगे और सामाजिक एकता को बनाए रखेंगे। कार्यक्रम के अंत में दोनों परिवारों को पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया और सभी ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि गांव में भाईचारे और एकता की भावना को सदैव बनाए रखेंगे। पूरे वातावरण में जय श्रीराम और हर हर महादेव के जयघोष गूंजते रहे। ग्राम सभा के दौरान दोनों परिवारों ने खुले रूप में अपने विचार रखते हुए कहा कि वे अब अपने मूल धर्म में स्थायी रूप से रहेंगे और समाज व संस्कृति से जुड़कर जीवन व्यतीत करेंगे।

### धर्मांतरण का सबसे बड़ा कारण लालच

ग्राम सरपंच दीपिका वट्टी ने कहा कि धर्मांतरण के पीछे लालच और गलत जानकारी का बड़ा कारण होता है। उन्होंने गांव के सभी परिवारों से आग्रह किया कि वे अपनी आने वाली पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और हिंदू परंपराओं के प्रति जागरूक करें ताकि भविष्य में कोई भ्रमित न हो।

### दोनों परिवार ने दिखाया साहस

भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष यशवंत सुरोजिया ने कहा कि हमारा धर्म, हमारी संस्कृति की पहचान है। किसी भी प्रलोभन में आकर अपनी जड़ों से कटना सही नहीं है। आज इन परिवारों ने जो साहस दिखाया है, वह समाज के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि समाज को ऐसे लोगों का सम्मान करना चाहिए, जो अपनी संस्कृति और परंपराओं की ओर लौटने का साहस दिखाते हैं।

### जागरुकता व एकता का दिया संदेश

जिला पंचायत उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि धर्मांतरण हमारी संस्कृति और परंपराओं को कमजोर करता है। आज जिन परिवारों ने अपनी जड़ों की ओर लौटने का निर्णय लिया है, वे समाज में जागरूकता और एकता का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज को ऐसे परिवारों का स्वागत करना चाहिए जो अपने धर्म और संस्कृति के प्रति समर्पित हैं।

## खबर संक्षेप



### अमृत वर्षा के बाद खीर प्रसाद का हुआ वितरण

**चारामा।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी जय अम्बे मॉ गरबा समिति के द्वारा गरबा नृत्य और खीर प्रसाद का वितरण का किया गया। समिति के द्वारा रात्रि 0 बजे माता की आरती के बाद गरबा नृत्य किया गया। गरबा के दौरान विधायक सावित्री मंडावी, गौ सेवा आयोग के पूर्व सदस्य नरेन्द्र यादव सहित उनकी टीम गरबा नृत्य में शामिल हुई। तैयार खीर का माता गायत्री को भोग लगाया गया। रात्रि 12 बजे तक गरबा नृत्य हुआ। रात्रि 12 बजे अमृत वर्षा के बाद समिति की ओर से खीर का वितरण किया गया। समिति के सभी पदाधिकारी, सदस्यों एवं पार्षद का भी सहयोग रहा।

### अज्ञात कारणों से हुई मौत, मर्ग हुआ कायम

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत श्रीराम नगर कांकेर निवासी 36 वर्षीय अनिश सारथी का 6 अक्टूबर को सुबह करीबन 10 बजे मौत हो गई। जिला अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक को मौत के बाद इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत दुधावा निवासी 35 वर्षीय गैतुराम मरकाम ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। बरकई निवासी 55 वर्षीय बंशीलाल मरकाम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 6 अक्टूबर को शाम 7 बजे फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक शराब पीने का आदि था और हमेश शराब के नशे में रहता था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### आकाशीय बिजली गिरने से मासूम की मौत

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत बड़ेतेवड़ा निवासी 14 वर्षीय शांति आंचला बिजली की चपेट में आ गई, जिसके कारण उसकी 5 अक्टूबर को रात 8 बजें मौत हो गया। आंचलापारा बड़ेतेवड़ा निवासी 37 वर्षीय रूपजी आंचला ने पुलिस को बताया कि मृतिका आकाशिय बिजली की चपेट में आ गई, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### नाबालिग का शव तालाब से बरामद, विवेचना शुरू

**कांकेर।** दुधावा चौकी अंतर्गत चोरिया के रानी तालाब में साल्हेभाट निवासी 17 वर्षीय गौतम सुर्यवंशी का शव तैरते हुए मिला। साल्हेभाट निवासी 52 वर्षीय अशोक कुमार सुर्यवंशी ने पुलिस को बताया कि मृतक 5 अक्टूबर को अपना बैग लेकर सरोना की अकेला ▶▶| शेष पेज 12 पर

# ट्रक चालक ने एनएच 30 में एक दर्जन गौवंश को रौंदा, 7 की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

- 4 गंभीर रुप से घायल का इलाज जारी

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बैठी गाय को ट्रक चालक ने बीती रात को रौंद दिया, जिसमें 7 गौ वंश की मृत्यु हो गई। वहीं 4 गौवंश गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद माहौल आक्रोशित हो गया, परंतु आरोपी ट्रक चालक के पकड़ाए जाने पर माहौल सामान्य हुआ।

सोमवार और मंगलवार की दरम्यानी रात 1 बजे नगर के समता रंग मंच के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में सड़क पर बैठी लगभग एक दर्जन गाय को ट्रक के चालक ने रात के अंधेरे में रौद दिया गया। इस घटना में 07 गौवंश की घटन स्थल पर ही मौत हो गई और अन्य 04 गाय गंभीर रूप और 01 को मामूली चोट आई है। घटना के बाद कुछ नगरवासी जो उपस्थित रहे, उनके द्वारा गौ सेवकों और चारामा पुलिस को घटना की जानकारी दिया गया। ट्रक चालक की निर्ममता के कारण पूरी सड़क खून से लाल हो गई थी। नगरवासियों ने दुर्घटना करने वाले ट्रक को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया। इसके उपरांत मृत गौवंश को महानदी के तट पर ले जाया गया एवं घायल गौवंशों का प्राथमिक उपचार करवाया गया और आगे का उपचार मी जारी है। मृत गौवंशों का महानदी तट किनारे पशु विभाग द्वारा पोस्टमार्टम किया गया। जिसमें एक गौवंश गर्भवती थी और एक सप्ताह में एक बछड़े को जन्म देने वाली थी। गौमाता सहित उसके बच्चे की भी मौत हो गई, जिसे पोस्टमार्टम करके बाहर निकाला गया। सभी गाय को अंतिम संस्कार के समय क्षेत्रीय विधायक सावित्री मंडावी भी महानदी तट पहुँची और घटना की जानकारी लिया। इस घटना पर रोष व्यक्त करते हुए विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि साय सरकार ने बिना सोचे समझे गौठान योजना को बंद कर दिया, तब से गोवंश सड़कों पर विचरण ▶▶| शेष पेज 12 पर

# प्रधानमंत्री आवास को तरस रहे शहर के लोग




हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंतागढ़

- स्वीकृति नहीं मिलने से हो रहे निराशा

नगर क्षेत्र अंतागढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत किसी भी हितग्राही को स्वीकृति नहीं मिल पाई है। नगर पंचायत चुनाव के बाद से लगातार आवास के आवेदन भरे जा रहे हैं, लेकिन अभी तक स्वीकृति की प्रक्रिया अटकी हुई है।

जानकारी के अनुसार शासन द्वारा योजना के नियमों में संशोधन किया गया है। बताया जा रहा है कि अब जिनके पास 0.2 हेक्टेयर यानी लगभग 5 डिसमिल से अधिक भूमि है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास का लाभ नहीं दिया जाएगा। इस नियम के लागू होने के बाद से वर्ष 2023-24 के पश्चात नगर पंचायत अंतागढ़ में एक भी आवास स्वीकृत नहीं हुआ है। नगरवासी बार-बार चक्कर काटने को मजबूर है और शहर के कई नागरिक प्रधानमंत्री आवास की सूची में अपना नाम देखने के लिए नगर पंचायत कार्यालय पहुंचते हैं, लेकिन हर बार निराश होकर लौट आते हैं। उनका कहना है कि आवेदन तो भर दिए गए हैं, पर मंजूरी की कोई ▶▶| शेष पेज 12 पर

### चक्कर लगाने को मजबूर

नगर पंचायत के कांग्रेसी पार्षद राकेश गुप्ता का कहना है कि प्रधाममंत्री आवास प्रेरक का स्थानांतरण हुए एक साल होने जा रहा, आज तक नया आवास प्रेरक नही पदस्थ किया गया है। अंतागढ नगर पंचायत में सब इंजीनियर भी नही है,भानूप्रतापुर के सब इंजीनियर को संलग्न करके अंतागढ मे रखा गया है। इसीलिए सभी कार्य समय पर नहीं हो पा रहे है। पीएम आवास को लेकर जिन्होने आवेदन भरा है, वे चक्कर लगाने के लिए मजबूर है।

### 15 तक सूची जारी होने की है संभावना

अंतागढ़ नगर पंचायत की सीएमओ हंसा ठाकुर का कहना है कि पहले सूची गई थी उसकी स्वीकृति नही आई है। जिला प्रशासन के द्वारा नई सूची मंगाई गई है, जिसे भेजा गया है। रायपुर में 15 अक्टूबर को प्रादेशिक बैठक है, उसी के बाद सूची जारी होने की संभावना है।

# मारपीट से युवक घायल, चांदी की चेन और सोने बाली भी हुई गुम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- पुलिस ने शुरू की विवेचना

थाना भानुप्रतापपुर अंतर्गत तहसीलपारा दुर्गा पंडाल के पास खड़ी चार पहिया वाहन के कांच को तोड़ने की बात को लेकर शराब भट्टी के पास दो युवक ने अन्य युवक के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। मारपीट करने से पीड़ित युवक का पहना हुआ चांदी का चैन और सोने की बाली खो गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुंचे आईएस कॉलोनी भानुप्रतापपुर निवासी 26 वर्षीय सत्यम गांवर पिता केश्वर सिंह गांवर ने पुलिस को बताया कि 2 अक्टूबर को तहसीलपारा दुर्गा पंडाल के पास नेहरूनगर निवासी राकेश दर्रो का थार कार को सामने के कांच को कोई तोड़ दिया था। मै उसी तरफ से गुजरा था, गुजरने के दौरान कार का कांच पहले से टूटा हुआ था। कुछ दिन बाद 5 अक्टूबर को दोपहर 1 बजें शराब भट्टी के पास मुझे राकेश दर्रो मिला और कहने लगा कि मेरे चार पहिया वाहन का कांच को तोड़ा है, उसी समय उनके साथ में आएं कुकरीपारा नारायणपुर निवासी दानवीर नरेटी व उसके एक अन्य साथी जिसका नाम मै नही जानता के द्वारा मुझे गाली देते हुए हाथ मुक्का एवं लात से मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान मुझे जान से मारने की धमकी भी दिया गया। मारपीट से मेरे चेहरे, आंख, गला, दोनो कोहनी, दोनो घुटना, दोनो जांघ व ▶▶| शेष पेज 12 पर

# प्रतिबंधित टेबलेट एवं सिरप बेचने वाले 2 फरार आरोपियों को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- ओडिशा, रांची झारखण्ड और धमतरी से आती है प्रतिबंधित दवाएं

नशीली टेबलेट एवं सिरप को ओडिशा, रांची झारखण्ड और धमतरी से लाकर कांकेर के युवाओं को बेचने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने दबोचा। न्यायिक रिमांड में जेल की सलाखों में भेजा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलीसेला के निर्देशन, एएसपी भानुप्रतापपुर आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल और एएसपी कांकेर दिनेश कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी मोहसीन खान के पर्यवेक्षण में शहर में दिन में पैदल, बाइक गस्त एवं रात्रि गस्त पेट्रोलिग बढ़ाकर शराबियों, नशेड़ी, गजेड़ियो, अवैध शराब बिक्री, नशीली पदार्थ का सेवन कर उत्पात करने वाले के विरूद्ध थाना कांकेर में दर्ज 02 अलग-अलग अपराध के फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गई। फरार आरोपी रोहित मण्डल पिता स्व. राखल मण्डल उम्र 25 वर्ष भानबेड़ा नीचेपारा थाना भानुप्रतापपुर को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली इसके पास से 01 नग मोटर सायकल, एक्सीस बैंक,पीएनबी बैंक, बैंक डिटेल लेना व खाता फ्रिज की कार्यवाही कराया गया है। आरोपी रोहित मण्डल का मेडिकल दुकान किसी अन्य के नाम पर लाईसेंस होना पाया है। लाईसेंस धारक के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है पूछताछ के दौरान आरोपी रोहित मण्डल ▶▶| शेष पेज 12 पर



### कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

आरोपियों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में उप निरीक्षक मनोरथ जोशी, उप निरीक्षक रामेश्वर चतुर्वेदी, प्रधान आरक्षक गितेश्वर कुलदीप, आरक्षक रंजीत नरेटी, शिव नेताम, एवं सायबर सेल प्रभारी प्रेम प्रकाश अवधिया व प्रधान आरक्षक मनीराम भोई की अहम भूमिका रही।

# बरगांव में 25 फुट ऊंचे रावण का हुआ दहन

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम बरगांव में सोमवार 6 अक्टूबर को विजयदशमी का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर 25 फुट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इसके पहले भगवान राम और रावण के बीच प्रतीकात्मक युद्ध का मंचन किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रावण का वध होते ही उपस्थित जनसमूह ने जय श्रीराम के नारे लगाए और आतिसबाजी की। ग्राम पटेल सरोज मंडावी ने बताया कि इस उत्सव में हाटकोंदल, कलागांव, पेनो पारा, बोगर सहित आसपास के कई गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। इस दौरान अध्यक्ष रवि रावटे, हरीश मंडावी, परमेश गढ़िया, कमलेश रावटे, भुनेश्वर ठाकुर, शेखर पांडे, मुकेश, गिरधारी रावटे, हितेश उइके सहित समिति के अन्य सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



# हुलघाट ने छिंदपाल को फाइनल में 29 रनों से हराकर जीता खिताब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोंदल के छिंदपाल में आयोजित 5 दिवसीय टेनिस बॉल क्रिकेट सीरीज का शानदार समापन हुआ। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में हुलघाट और छिंदपाल की टीमों के बीच रोमांचक भिड़ंत देखने को मिली। उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हुलघाट की टीम ने छिंदपाल को 29 रनों से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर लिया।

फाइनल मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए हुलघाट की टीम ने निर्धारित ओवरों में 2 विकेट खोकर 69 रन बनाए। जवाब में छिंदपाल की टीम 5 विकेट के नुकसान पर केवल 40 रन ही बना सकी। इस प्रकार हुलघाट ने 29 रनों से यह निर्णायक मुकाबला जीत लिया। खिलाड़ियों ने बेहतरीन बल्लेबाजी, सधी हुई गेंदबाजी और शानदार क्षेत्ररक्षण का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को रोमांच से भर दिया। मैच के दौरान मैदान में दर्शकों की भारी भीड़ जुटी रही, जिन्होंने दोनों टीमों का उत्साहवर्धन किया। जनपद सदस्य धनसाय हुर्रा और मानसू आचला ने विजेता टीम हुलघाट को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया और खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के ग्रामीण खेल आयोजन से युवा प्रतिभाओं को मंच मिलता है और खेल भावना के साथ-साथ आपसी भाईचारा एवं एकता को भी बढ़ावा मिलता है।

टूर्नामेंट का आयोजन स्थानीय समुदाय के सहयोग से किया गया था, जिसने न केवल खिलाड़ियों बल्कि दर्शकों के लिए भी यह आयोजन यादगार बना दिया। कार्यक्रम के समापन पर आयोजकों ने अगले वर्ष और भी बड़े स्तर प्रतियोगिता आयोजित करने की घोषणा किया।

## कांकेर में राजनैतिक चेतना ज्यादा, इसलिए यहां से शुरू करेंगे अभियान

# बिजली का मुद्दा आमजनता का मुद्दा है, राजनैतिक व चुनावी नहीं : अमित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- युवक कांग्रेस 15 अक्टूबर को कांकेर कलेक्टोरेट का घेराव करके प्रदेशव्यापी अभियान का करेंगे आगाज

प्रदेश का कांकेर जिला राजनैतिक चेतना के मामले में बहुत आगे है, इसलिए युवक कांग्रेस अपने बिजली चोर, गद्दी छोड़ अभियान की प्रदेश व्यापी अभियान की शुरूआत कांकेर से 15 अक्टूबर से कलेक्टोरेट का घेराव करके शुरू करेगा, जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब शामिल होंगे। कांकेर की धरती से आज तक जो भी आवाज निकली है, उसको प्रदेश सरकार ने सुना है, इसलिए कांकेर को चुना है, क्योंकि यहां से आवाज निकलेगी, उसको सरकार सुनेगी। उक्त बातें युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पठानिया ने मीडिया से बात करते हुए कहीं। उनके साथ सह प्रभारी डॉ. मोनिका मांडरे एवं प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा भी उपस्थित रहे। युवक कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पठानिया का कहना है कि बिजली के मुद्दे को लेकर पूरे प्रदेश में त्राहिमाम मचा है] उस पर चर्चा करना है। युवा कांग्रेस लगातार बिजली दफ्तर के सामने बिजली बिल को जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। उसके बाद बिजली विभाग के कार्योलयों पर तालाबंदी का काम किया। इसके बाद भी सरकार नहीं जागी, उसके बाद हमने मशाल जुलुस के माध्यम से लोगो से चर्चा किया। बिजली बिल का मुद्दा आम जन मानस का मुद्दा बन चुका है। लोग स्वयं घरो और दुकानो से निकलकर हमारे समर्थन में आए है। इसके बाद हम भाजपा के विधायक कार्यालय का घेराव कर जवाब मांगेगे कि क्या वे बिजली बिल बढ़ोत्तरी को वापिस लेने का समर्थन करते है कि नही। युवक कांग्रेस कलेक्टर कार्यालय का घेराव 15 अक्टूबर को करेगी, पहला घेराव कांकेर से शुरू होगा। उसके बाद अन्य जिलों ▶▶| शेष पेज 12 पर




### कांकेर से क्रांति की होती है शुरुआत: आकाश

युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कहा कि बस्तर संभाग का कांकेर एक मध्यस्थ जिला रहा है, यहाँ से जिस क्रांति की शुरूआत होती है, उसकी आवाज बहुत दूर तक जाती है। प्रदेश के तीन करोड़ जनता का सवाल है, जो बिजली का बिल भर रहें है। यह आम जनता का मुद्दा बन चुका है, यह राजनैतिक मुद्दा नहीं है, यह चुनाव का मुद्दा नहीं है। सरकार को बिजली का बिल कम करना पड़ेगा। हमारा यह प्रदर्शन तब तक रूकने वाला नहीं है, जब तक जनता को राहत नहीं मिल जाती है।

## खबर संक्षेप

### ग्रापं पुसावण्ड के सचिव ललित सेठिया निलंबित

**कोण्डागांव।** ग्राम पंचायत पुसावण्ड के सचिव ललित सेठिया को ग्रामसभा में नशापान कर उपस्थित होने और शासकीय कार्यो् में लापरवाही बरतने के कारण जिला पंचायत सीईओ द्वारा निलंबित किया गया है। ग्राम पंचायत पुसावण्ड में आयोजित ग्रामसभा में पंच, सरपंच, नोडल अधिकारी सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभा की शुरुआत के दौरान ग्रामवासी जब सचिव से आवश्यक जानकारी मांगने लगे, तो पाया गया कि सचिव ललित सेठिया नशे की अवस्था में थे और कोई स्पष्ट जवाब नहीं दे पा रहे थे। घटना के बाद सचिव का जिला अस्पताल कोण्डागांव में डॉक्टरी परीक्षण कराया गया, जिसमें नशापान की पुष्टि हुई। इस रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए निलंबन आदेश जारी किया। जिला पंचायत कार्यालय द्वारा जारी आदेशानुसार, ललित सेठिया को छत्तीसगढ पंचायत सेवा अनुशासन एवं अपील नियम 1999 के नियम 4 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय कोण्डागांव निर्धारित किया गया है। निलंबित सचिव के स्थान पर नवल नेताम, सचिव ग्राम पंचायत बोलबोला, कोण्डागांव को आगामी आदेश तक ग्राम पंचायत पुसावण्ड का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### निःशुल्क शारीरिक प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा 15 से

**कोण्डागांव।** आगामी वर्ष 2025–26 में आयोजित होने वाली अग्निवीर थल सेना भर्ती के लिए लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को अब निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। जिला प्रशासन कोण्डागांव द्वारा युवाओं की तैयारी में सहयोग के लिए यह विशेष प्रशिक्षण शिविर 15 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, कोण्डागांव लाइवलीहुड कॉलेज परिसर में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को सेना भर्ती की शारीरिक परीक्षा से संबंधित सभी आवश्यक अभ्यास, फिटनेस ड्रिल और मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा, जिससे वे आगामी भर्ती प्रक्रिया में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इस प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने के इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने लिखित परीक्षा उत्तीर्ण संबंधी दस्तावेजों के साथ रोजगार कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर पंजीयन कराना आवश्यक है। पंजीयन के बाद ही उन्हें प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। अभ्यर्थी अधिक जानकारी एवं पंजीयन से संबंधित विवरण के लिए जिला रोजगार कार्यालय, कोण्डागांव के मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### अमृत वर्षा के बाद खीर प्रसाद का हुआ वितरण

**चारामा।** शरद पूर्णिमा के अवसर पर प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी जय अम्बे मॉ गरबा समिति के द्वारा गरबा नृत्य और खीर प्रसाद का वितरण का किया गया। समिति के द्वारा रात्रि 9 बजे माता की आरती के बाद गरबा नृत्य किया गया। गरबा के दौरान विधायक सावित्री मंडावी, गौ सेवा आयोग के पूर्व सदस्य नरेन्द्र यादव सहित उनकी टीम गरबा नृत्य में शामिल हुई। तैयार खीर का माता गायत्री को भोग लगाया गया। रात्रि 12 बजे तक गरबा नृत्य हुआ।

# भवन की गुणवत्ता मानक अनुरूप नहीं, तत्काल सुधार करने के निर्देश

## एसडीएम आकांक्षा नायक ने किया होनहेड छात्रवास, पीएचसी, जल जीवन मिशन व आंगनबाडी केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न क्षेत्रें में निर्माण कार्यों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। कलेक्टर ने समय–सीमा की बैठक में सभी एसडीएम को अपने–अपने क्षेत्र के निर्माण कार्यों एवं आश्रम छात्रवासों की गुणवत्ता जांचने के निर्देश दिए थे।

निर्देशों के अनुपालन में केशकाल एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक ने नव–निर्मित प्री–मैट्रिक बालक छात्रवास होनहेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन की गुणवत्ता मानक अनुरूप नहीं पाई गई। इस पर एसडीएम ने निर्माण एजेंसी एवं ठेकेदार को तत्काल सुधार कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि एक सप्ताह के भीतर सुधार कार्य शुरू कर दिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम आकांक्षा नायक ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी, जल जीवन मिशन के कार्यों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की भी स्थिति देखी। नए आंगनबाड़ी केंद्र में दरवाजा और पानी की टंकी का कार्य अधूरा पाया गया।



**बुधवार तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश**

*एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को बुधवार तक सभी अधूरे कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कहा कि कार्य पूर्ण होने के बाद बच्चों को नए भवन में शिफ्ट किया जाए, ताकि उन्हें बेहतर सुविधा मिल सके।*

## समस्या: अक्सर हादसे होने का रहता है अंदेशा, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा


# नेशनल हाइवे की स्ट्रीट लाइटें बंद, अंधेरे में डूबा फरसगांव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर में एनएच पर लगे स्ट्रीट लाइट कई महीनों से बंद पड़े है जिसके चलते शाम होते ही नगर में अंधेरा छा जाता है, नगर की सड़को पर अंधेरा होने से राहगीरों व नगरवासियों को अंधेरे का सामना करना पड़ रहा। अंधेरा होने से अक्सर दुर्घटना होने की संभावनाए बनी रहती है, वैसे तो छोटी मोटी दुर्घटनाएं होती रहती है। अंधेरे के चलते सड़क किनारे चलने वाले लोगों को अंधेले में देखने में परेशनी होती है, कई लोग दुर्घटना का शिकार होते होते बच रहे है।

- दीपावली त्यौहार से पहले दुरुस्त हो स्ट्रीट लाइटें: व्यापारी संघ

यही नहीं अंधेरे में चलते दो माह पूर्व बाइक सवार ने रोड किनारे चल रहे पैदल चल रहे बुजुर्ग को ठोकर मार दी, वहीं घायल बुजुर्ग की उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके बावजूद प्रशासन और जिम्मेदार लोग ध्यान नहीं दे रहे है । नगर के व्यापारियों को भी अंधेरे से परेशानिया का सामना करना पड़ रहा है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी के द्वारा कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आगामी 10-12 दिन में दीपावली का पर्व आने वाला है और ऐसे में एनएच भर में अंधेरा से लोगों को समस्याएं हो रही हैं ।



### त्यौहार से पहले एनएच की लाइटों की मरम्मत की मांग

फरसगांव नगर के व्यापारी फिरोज मेमन सहित अन्य व्यापारियों ने कहा आगामी दीपावली त्योहार को बहुत कम दिन बचे है, त्यौहारी सीजन शुरू हो गया है, सुबह से लेकर रात तक दुकानों में सामानों की खरीदी बिक्री होती है, और नगर के मुख्य मार्ग पर अंधेरा फैला हुआ है, सड़क पर रौशनी नहीं होने के कारण आने जाने वाले को परेशानी हो रही है, कुछ छोटे मोटे हादसों के शिकार भी हुए हैं आगे भी डर बना हुआ है। व्यापारी संघ ने संबंधित विभाग से अपील किया है की दिवाली त्यौहार के पहले नगर की बंद स्ट्रीट लाइटों को ठीक करवाकर शुरू करवा दे. जिससे दिपावली के घरो के साथ-साथ नगर में एन एच भी रौशनी से जगमगा उठे।

### विभाग को कई बार करवा चुके हैं अवगतः सीएमओ

फरसगांव नगर पंचायत सीएमओ मयंक कुमार बसंतवानी ने कहा कि नेशनल हाइवे पर जो लाइटों है उनका प्रबंधन एनएच विभाग करता है. हमारे द्वारा संबंधित विभाग को बंद स्ट्रीट लाइटों को सुधार करने के लिए कई बार समय सीमा बैठक में कहा गया है। एनएच विभाग के अधिकारियो ने बताया कि फरसगांव एन एच स्ट्रीट लाइट का मरम्मत का कार्य निविदा प्रक्रिया से होती है जैसे निविदा प्रक्रिया की कार्रवाई पूर्ण होगी वैसे ही बंद स्ट्रीट लाइट का सुधार कार्य किया जाएगा उसके बादस्ट्रीट लाइट पुनः जलेंगी।

# रामलला दर्शन योजना के तहत 51 तीर्थयात्री अयोध्या धाम के लिए रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राम लला दर्शन योजना के अंतर्गत कोण्डागांव जिले से 51 श्रद्धालुओं का दल मंगलवार की रात अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालुओं के इस जत्थे को बस्तर प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी ने रात्रि 9 बजे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

- विधायक सुश्री लता उसेंडी ने दिखाई हरी झंडी, श्रद्धालु हुए भावविभोर

श्रद्धालुओं का जत्था पहले बस द्वारा राजनांदगांव तक की यात्र करेगा। इसके बाद वहाँ से ट्रेन द्वारा अयोध्या धाम के लिए प्रस्थान करेगा। जत्थे में शामिल श्रद्धालु प्रभु श्रीराम के दर्शन को लेकर अत्यंत उत्साहित और भावविभोर दिखाई दिए। सीएम तीर्थ यात्र राम लला दर्शन योजना के माध्यम से प्रदेश के हजारों श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम की यात्र का अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस योजना का उद्देश्य नागरिकों को धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जोड़ना और उन्हें आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करना है।

# कोंडागांव के विकास की रफ्तार पर कांग्रेस असहजः चहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल अध्यक्ष कुलवंत सिंह चहल ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद विकास कार्यों को नई गति मिली है। कोंडागांव जिले में सडकों, पुल–पुलियों और बुनियादी सुविधाओं से जुडे कार्य जिस तेजी से पूरे हो रहे हैं, वह आम नागरिकों के लिए राहत और संतोष का विषय है।



उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों को देखकर कांग्रेस असहज महसूस कर रही है और लगातार भ्रामक बयानबाजी कर जनता को गुमराह करने ास कर रही है।

श्री चहल ने अपने वक्तव्य में कहा कि कांग्रेस शासनकाल में विकास केवल कागजों पर ही दिखाई देता था। योजनाएँ तो बनीं लेकिन उनका लाभ जमीन पर लोगों तक नहीं पहुँच पाया। उन्होंने कहा भाजपा सरकार ने आते ही कार्यों की रफ्तार तेज की है। अब जो काम धरातल पर दिख रहा है, वही कांग्रेसियों को पच नहीं रहा।

**लता उसेंडी के नेतृत्व में हो रहे कार्य**– भाजपा मंडल अध्यक्ष ने हाल ही में विधायक एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी द्वारा किए गए कई विकास कार्यों के भूमि पूजन का उल्लेख करते हुए कहा कि कांग्रेस इस उपलब्धि को पचाने में असमर्थ है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अब प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रही है।

**कागजों तक सीमित थी कांग्रेस की योजनाएं**– कुलवंत सिंह चहल ने कहा कि कांग्रेस का यह दावा कि भूमि पूजन पहले ही किया गया था पूरी तरह से भ्रामक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस शासन में ये कार्य केवल कागजी रहे, जबकि भाजपा सरकार ने इन योजनाओं को धरातल पर उतारकर वास्तविक निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। चहल ने कहा कि लगता है, विपक्ष में बैठने का गम अभी कांग्रेस के मन से उतरा नहीं है, तभी उनकी याददाश्त भी कमजोर हो गई है। बेहतर होता कि वे प्रेस विज्ञप्ति जारी करने से पहले पुराने स्वीकृति पत्र और अभिलेखों की जांच कर लेते।

# पलारी में अमानक कीटनाशकों की बिक्री और भंडारण पर प्रतिबंध

**कोण्डागांव।** जिले के विकासखंड कोण्डागांव के ग्राम पलारी में अमानक कीटनाशक औषधियों के भंडारण और विक्रय पर कृषि विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। कीटनाशक अधिनियम 1968 के अंतर्गत उप संचालक कृषि एवं कीटनाशक निरीक्षक द्वारा जांच में दोषी पाए जाने पर दो कृषि केंद्रों पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है।

- कृषि विभाग ने की दो कृषि केंद्रों के विरुद्ध कीटनाशक अधिनियम के तहत कार्रवाई

कृषि विभाग के अनुसार वर्ष 2025–26 के दौरान निरीक्षण के समय मेसर्स सीताराम कृषि केंद्र और मेसर्स सानवी ट्रेडर्स, पलारी से कीटनाशक औषधियों के नमूने लेकर उन्हें राज्य कीटनाशी गुण नियंत्रण प्रयोगशाला, ठेलकाडीह राजनांदगांव भेजा गया था। प्रयोगशाला से प्राप्त रिपोर्ट में यह नमूने अमानक गुणवत्ता के पाए गए। विश्लेषण रिपोर्ट में श्रीकर बायोटेक प्रा. लि., मलकानगिरी हैदराबाद की कंपनी द्वारा निर्मित बिस्पायरीबैक सोडियम 10ः एससी तथा शिवशक्ति एग्रीटेक लि संगारेड्डी की कंपनी द्वारा निर्मित प्रोफेनोफॉस 40ः साइपरमेथ्रिन 4ः ईसी को अमानक घोषित किया गया। रिपोर्ट के आधार पर कृषि विभाग ने कीटनाशक अधिनियम 1968 की धारा 14 और धारा 18 (1)(सी) के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए इन उत्पादों के भंडारण और विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है।

### किसानों से सावधानी बरतने की अपील

*कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे केवल पंजीकृत विक्रेताओं से प्रमाणित कीटनाशक ही खरीदें और किसी भी संदिग्ध उत्पाद की जानकारी तत्काल विभाग को दें। यह कार्रवाई किसानों के हितों की सुरक्षा और फसलों की गुणवत्ता बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।*

# विधायक ने छात्र दुर्घटना बीमा योजना अंतर्गत चेक का किया गया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी ने सोमवार को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कोंडागांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्र दुर्घटना बीमा योजना के तहत लाभार्थी परिजनों को बीमा राशि के चेक वितरित किए।

- 17 प्रकरणों में परिजनों को दी गई 17 लाख रुपये की बीमा सहायता राशि

कार्यक्रम में जिले के कुल 17 प्रकरणों में संबंधित परिजनों को एक–एक लाख रुपये की बीमा राशि चेक के माध्यम से प्रदान की गई। यह राशि उन छात्र–छात्राओं के परिजनों को दी गई, जिनकी दुर्घटना जनित मृत्यु हुई थी। इस अवसर पर विधायक सुश्री लता उसेंडी ने परिजनों से संवाद करते हुए कहा कि शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे श्रम पंजीयन योजना, छात्र बीमा योजना आदि का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। उन्होंने परिजनों से बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण और देखभाल पर विशेष ध्यान देने की भी अपील की।




### योजना का उद्देश्य

छात्र दुर्घटना बीमा योजना के तहत शासकीय एवं अनुदान प्राप्त संस्थाओं में अध्ययनरत तथा आरटीई के अंतर्गत प्रवेशित छात्र–छात्रओं की दुर्घटना जनित मृत्यु की स्थिति में उनके अभिभावकों को बीमा राशि का भुगतान किया जाता है। यह योजना शिक्षा के साथ–साथ विद्यार्थियों की सुरक्षा और सामाजिक संरक्षण सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

### ये रहे उपस्थिति

कार्यक्रम में कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, पार्षद संतोष पात्र, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, जिला शिक्षा अधिकारी भारती प्रधान, विभागीय अधिकारी, शिक्षकगण और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अंजुमन इस्लामिया कमेटी के मुतवल्ली पद का हुआ शांतिपूर्ण चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अंजुमन इस्लामिया कमेटी, कोंडागांव के मुतवल्ली पद के लिए सोमवार को सामुदायिक भवन कोंडागांव में चुनाव संपन्न हुआ। पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी माहौल में हुई। चुनाव की प्रक्रिया अजय कुमार उरांव, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता और नायब तहसीलदार नरेंद्र सिंह सहित गठित निर्वाचन समिति की देखरेख में संपन्न हुई। पुलिस प्रशासन, नगरपालिका, स्वास्थ्य विभाग और समाज कल्याण विभाग का भी सराहनीय सहयोग रहा। कुल मतदाता 545, मतदान करने वाले 435, मतदान प्रतिशत 79.80ः, वैध मत 431, अमान्य मत 4। मतगणना उपरांत परिणाम घोषित किया गया जिसमें सैयद शफीक चुनाव चिन्ह फुटबॉल खिलाडी को 218 मत मिले। इरशाद खान चुनाव चिन्ह टेनिस बल्ला व गेंद को 213 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार सैयद शफीक ने अपने प्रतिद्वंदी को महज 5 मतों से पराजित कर विजय हासिल की। मतदान प्रातः 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक चला और उसी स्थल पर मतगणना की गई। दिव्यांग मतदाताओं ने भी उत्साहपूर्वक मतदान कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागिता दर्ज कराई।

- सैयद शफीक ने 5 मतों से हासिल की जीत, इरशाद खान को कड़ी टक्कर



**ये रहे मौजूद**- निर्वाचन समिति के समन्वयक बीए खान सेवानिवृत्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी और समिति के सदस्य नसीर अहमद, ताहिर खान, फ़ज़ल मोहम्मद खान, अली शेख, शकील खान एवं जुबैर खान सक्रिय रूप से मौजूद रहे। विजयी प्रत्याशी सैयद शफीक को औपचारिक रूप से निर्वाचन प्रमाण पत्र एसडीएम अजय कुमार उरांव द्वारा प्रदान किया गया।

# बिजली दर में वृद्धि के विरोध चलाया में हस्ताक्षर अभियान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लगातार बढ़ती बिजली दरों के विरोध में बस्तर जिला युवा कांग्रेस ने तोकापाल बाजार चौक में हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं, व्यापारियों और नागरिकों ने अभियान में शामिल होकर बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ अपना विरोध दर्ज किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी अमित सिंह पठानिया एवं सहप्रभारी डॉ. मोनिका मांडरे, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार अभियान चलाया जा रहा है।

युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि राज्य में बिजली की दरें लगातार बढ़ रही हैं जिससे आम जनता, किसान और छोटे व्यापारी परेशान हैं। महंगाई के इस दौर में बिजली बिलों का बोझ जनता की जेब पर अतिरिक्त दबाव डाल रहा है।

## पेज 11 के शेष

### ट्रक चालक ने...

करते या बैठी रहती हैं, जिसका परिणाम हैं कि रोज सड़क दुर्घटना हो रही है और गौवंश बेमौत मर रहे हैं। सरकार इतनी लापरवाह हो गई है कि उच्च न्यायालय ने स्वतः संज्ञान में लेकर सरकार को निर्देश देना पड़ा था, उसके बाद भी सरकार कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। उन्होंने बेजुबान गौवशों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, जिसके बाद सभी गौवंश को दफनाया गया।

### नाबालिग का शव...

निकला था। उस दिन वह घर नही लौटा। अगले दिन 6 अक्टूबर को शाम 6 बजें उसका शव ग्राम चोरिया के रानी तालाब में तैरता हुआ दिखा। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### प्रधानमंत्री आवास को...

जानकारी नहीं दी जा रही है। नगर पंचायत में संबंधित अधिकारी-कर्मचारी का स्थानांतरण हो जाने के बाद अब तक उनके स्थान पर नई नियुक्ति भी आज तक नहीं हुई है, जिसके कारण आवास योजना से संबंधित कार्य प्रभावित हैं। सही मार्गदर्शन के अभाव में कई पुराने हितग्राही अपने दस्तावेज पूर्ण नहीं कर पाए, जिसके चलते उनके आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं।

### मारपीट से युवक...

पैर की उंगली मे चोट लगा है। झूमाझटकी के दौरान मेरे गले का चांदी का चैन एवं सोने की बाली गिर गया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दानवीर नरेटी एवं एक अन्य के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 3 (5), 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### प्रतिबंधित टेबलेट एवं...

ने नशीली दवाई एवं टेबलेट उड़ीसा व जिला धमतरी के मेडिकल दुकान से लाना बताया। मामले में धारा 21,29 एनडीपीएस एक्ट धारा समायोजित किया गया। दूसरा फरार आरोपी मो. अफताब कल्लोड़ी उर्फ अल्ताफ खिलौड़ी पिता मोहम्मद जावेद उम्र 27 वर्ष निवासी संजयनगर को गिरफ्तार किया गया। दोनो आरोपियों को 7 अक्टूबर को न्यायालय में पेश किया गया और न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

### बिजली का मुद्दा...

के कलेक्टोरेट का घेराव किया जाएगा। प्रदेश प्रभारी ने एक प्रश्न के जवाब में कहा कि यह मुद्दा राजधानी का नहीं है, यह मुद्दा गांव और गांव की गलियों का है। कांकेर जिला जागरूक जिला है, इसलिए कलेक्टर घेराव अभियान को कांकेर से शुरू करेंगे।

## खबर संक्षेप

### क्षत्रिय महासभा वीरांगना ने मनाया दशहरा मिलन समारोह



**दंतेवाड़ा।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा वीरांगना दंतेवाड़ा के द्वारा गीदम के सांस्कृतिक भवन में दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर से सभी क्षत्रिय महिलाओं ने भाग लिया। कार्यकम में सामाजिक परंपरा के अनुसार सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वीरांगना के पदाधिकारी द्वारा सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया। उक्त कार्यक्रम में वीरांगना के जिला अध्यक्ष सैफाली भदोरिया ने दशहरा की बधाई देते हुए समाज के महिलाओं को सामाजिक हित में कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### प्रधान अध्यापक ने बच्चों को करवाया न्योता भोज



**बस्तर।** बस्तर विकासखंड के अंतर्गत संकुल खोरखोसा के माध्यमिक शाला खोरखोसा में प्रधान अध्यापक युगल कौशिक ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर बच्चों को न्योता भोज कराया। अपने जन्म दिवस का उत्सव उन्होंने अपने विद्यालयीन बच्चों के बीच यह दिन मनाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर गांव की जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, पंच, सरपंच संकुल प्राचार्य शिक्षक समस्त स्टाफ शामिल हुए। बच्चों ने हर्षोल्लास के साथ जन्म दिवस मनाया। प्रधान अध्यापक कौशिक के इस प्रेरणादायी पहल को सभी ने सराहनीय और अनुकरणीय बताया।

### सरस्वती शिशु मंदिर में मनी वाल्मीकि जयंती



**गीदम।** आश्विन मास की पूर्णिमा तिथि पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में वाल्मीकि जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पूजा-अर्चना और मानस पाठ का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य विजय दुबे ने इस पावन दिन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शरद पूर्णिमा को चंद्रमा अपनी 16 कलाओं से पूर्ण होकर धरती पर अमृत की वर्षा करता है ऐसा शास्त्रों में वर्णित है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि आज के ही दिन समुद्र मंथन से माता लक्ष्मी का प्राकट्य हुआ था, जिसे लक्ष्मी उत्पत्ति दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। वाल्मीकि जयंती के अवसर पर वाल्मीकि के योगदान को विशेष रूप से याद किया गया। उन्होंने रामायण की रचना कर समस्त मानव जाति को मार्गदर्शन प्रदान किया। सारा संसार उन्हें आदि कवि के रूप में जानता है।

### शिक्षा समिति सभापति ने किया शाला का निरीक्षण



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत नागुल स्थित माध्यमिक शाला का निरीक्षण जनपद पंचायत उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति सभापति दिनेश कौशल द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति जागरूक रहने, मोटिवेशन बनाए रखने और अनुशासन का पालन करने की प्रेरणा दी। निरीक्षण में प्रधानाध्यापक और समस्त शिक्षक उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यालय की गतिविधियों और शिक्षा व्यवस्था की जानकारी साझा की। इसके साथ ही मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता का भी निरीक्षण किया गया, जिससे कि बच्चों को पोषणयुक्त और स्वच्छ भोजन सुनिश्चित किया जा सके।

# सरकार ग्रामीण विकास के प्रति संकल्पबद्ध, मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता में: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोकापाल

तोकापाल ब्लॉक के ग्राम पंचायत एर्राकोट में 5 लाख की लागत से बनने वाले शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन

■ ग्राम पंचायत एर्राकोट में शेड निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



विधिवत रूप से मंगलवार को सम्पन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण विकास कार्य का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल के करकमलों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास हेतु सरकार लगातार ठोस प्रयास कर रही है। शेड निर्माण जैसी आधारभूत सुविधाएं न केवल ग्रामीण जीवन को सुविधाजनक बनाती हैं बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों के आयोजन के लिए भी एक सशक्त मंच प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि एर्राकोट ग्राम पंचायत में इस प्रकार की सुविधा का निर्माण लंबे समय से अपेक्षित था, जिसे अब शीघ्र पूरा किया जाएगा। विधायक ने मौके पर निर्माण एजेंसी एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता में कोई समझौता न हो तथा निर्धारित समय-सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश की सरकार ग्रामीण विकास के प्रति संकल्पबद्ध है और प्रत्येक ग्रामवासी को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता में है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से क्षेत्र में निरंतर विकास हो रहा है और आमजन को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष रामबती भण्डारी, उपाध्यक्ष रितेश दास जोशी, जनपद सदस्य पदमनी कश्यप, चंद्रकांत भंडारी, नेहांशु सिंह, नगेंद्र तिवारी एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, पंच-सरपंच, ग्रामीणजन एवं भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अवैध अतिक्रमण, नशीले पदार्थों की बिक्री पर कार्यवाही पर हुई चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम नगर पंचायत में अवैध कब्जों को हटाने, नशीले पदार्थों की बिक्री पर सख्त कार्रवाई,

■ नगर पंचायत में बैठक का हुआ आयोजन

अतिक्रमण पर रोक और टैक्स कलेक्शन को सुदृढ़ बनाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर एक विशेष बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक में विधायक चैतराम अटामी, नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना, एसडीएम गीदम मनीष बघेल, तहसीलदार किशन मिश्रा, थाना प्रभारी विजय पटेल, और मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती हुलसी प्रधान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। इस बैठक का उद्देश्य नगर के सुव्यवस्थित प्रबंधन, सामाजिक-आर्थिक सुधार, और नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित करना था। सभी उपस्थित अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने निर्णयों को प्रभावी रूप से लागू करने की प्रतिबद्धता जताई। नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना ने कहा कि नगर हित में कुछ सख्त कदम उठाए जाएंगे। जिससे नगर का सुव्यवस्थित विकास हो और नागरिकों की सुविधा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि हम सबको गीदम को एक आदर्श शहर बनाने का संकल्प लेना होगा। साथ ही नगर की कानून व्यवस्था, स्वच्छता, सुंदरता के लिए हम सबको मिलकर काम करना होगा।

**बैठक के मुख्य निर्णय**

सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए सख्त कदम उठाए जाएंगे। अवैध अतिक्रमण पर सख्ती बरती जाएगी। नशीले पदार्थों की बिक्री पर रोक के लिए अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लंबित कर वसूली के लिए नई रणनीतियाँ बनाई जाएंगी जिससे कि नगर पंचायत की आय में वृद्धि हो। शहर के विकास के लिए विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया जाएगा। जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा जिसके माध्यम से आम जनता को अतिक्रमण हटाने और टैक्स भुगतान के प्रति जागरूक किया जाएगा। शासन और प्रशासन के समन्वय से नियमों को जमीनी स्तर पर लागू करने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे।

# बिजली बिल में बढ़ोतरी के खिलाफ बस्तर विधानसभा स्तरीय जनहस्ताक्षर अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

बस्तर विधानसभा अध्यक्ष रियाज खान के नेतृत्व में और बस्तर युवा कांग्रेस ग्रामीण के कार्यकारी अध्यक्ष अभिषेक डेविड की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित हुई। रियाज खान ने कहा कांग्रेस सरकार की हाफ बिजली बिल योजना को बंद कर बीजेपी सरकार ने प्रदेशवासियों के साथ धोखा किया हैं। युवा कांग्रेस ने भाजपा पर बिजली बिल में हेराफेरी के खिलाफ युवा कांग्रेसियों ने बस्तर स्थित बाजार स्थल में प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी अमित पढ़ानिया, सह प्रभारी मोनिका मांडरे, प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा और प्रदेश सचिव एवं जिला प्रभारी विक्रांत सिंह के निर्देश पर बढ़ती महंगाई में प्रदेश में बिजली के बढ़े दामों और बिजली बिल हाफ योजना बंद किए जाने के विरोध में बस्तर बाजार स्थल चौक में हस्ताक्षर अभियान चलाया।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष प्रेम शंकर शुक्ला, नगर पंचायत बस्तर अध्यक्ष देवकी भद्रे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अनिल परिहार, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष चंपा ठाकुर, लखेश्वर कश्यप, पार्षद अंकित पारख, जनपद सदस्य मानसिंह कवासी, जनपद सदस्य हेमराज बघेल, युवा कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष डमरूधर बघेल, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष मनीराम बघेल, युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कृपालु कश्यप, नागेंद्र परिहार, सरपंच कमलोचन कश्यप, लखेश्वर कश्यप, उपस्थित रहे।

## भारतीय किसान, सरपंच संघ व भूमगादी जैविक कृषक कंपनी की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



भारतीय किसान संघ के द्वारा सर्व आदिवासी समाज भवन गीदम में बैठक आयोजित किया गया। जिसमें सभी विभाग के एनजीओ पर चर्चा, जैविक उत्पादन मूल्य पर चर्चा, रासायनिक उत्पादन मूल्य पर चर्चा किया गया।

इस बैठक में गीदम ब्लाक के सभी किसान, भूमगादी के सदस्य व जन प्रतिनिधि के साथ साथ सरपंच गण उपस्थित रहें। बैठक में चर्चा हुई कि एनजीओ द्वारा किसानों को जानकारी दी जा रही है उसे बंद कर कृषि विस्तार अधिकारी ग्राम सेवकों के द्वारा किसानों को जानकारी दी जानी चाहिए। क्योंकि जितने भी एनजीओ संचालित है वे बड़े व सम्पन्न किसानो के पास जा कर फोटो शूट करवा लेते है। छोटे किसानों को किस चीज की जरूरत है उस पर कोई ध्यान नहीं देता है। कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा किसान मित्र प्रत्येक पंचायत में नियुक्त कर किसानों लाभ दिलाया जाए। क्योंकि गांव के बेरोजगार युवा युवती किसान मित्र में काम करेंगे तो ग्राम पंचायत के सरपंच, जिम्मेदार किसान एवं कृषि विस्तार अधिकारी तक जानकारी जायेंगी की उस किसान की क्या जरुरत है। एनजीओ का फायदा गिने चुने किसानों तक ही पहुंच पाता है बाकी छोटे किसान को कोई लाभ नहीं मिल पाता है।

# क्यूआर कोड स्कैन कर ग्रामीणों को मिलेगी मनरेगा कार्यों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर



प्रत्येक माह 7 तारीख को आयोजित रोजगार दिवस में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु नये दिशा-निर्देशों को ग्रामीणों को अवगत कराये जाते हैं। इसी तारत्मय में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए ग्राम पंचायतों में क्यू आर कोड चस्पा किए गए हैं। कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन पर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता चौबे के निर्देशन में इस माह आयोजित रोजगार दिवस में जाबकार्डधारी श्रमिकों का ई-केवाईसी करने के साथ ही क्यू आर कोड स्कैन कर ग्रामीणों को अपने मोबाइल से मनरेगा अंतर्गत पिछले 4 वित्तीय वर्षों के पूर्ण, प्रगतिरत और अप्रारंभ कार्यों की जानकारी प्राप्त करने के तरीके प्रायोगिक रूप से कर समझाया गया।

क्यू आर कोड स्कैन करने पर ग्रामीण अपने मोबाइल से मनरेगा अंतर्गत पिछले 4 वर्ष के वित्तीय वर्षों के पूर्ण, प्रगतिरत और अप्रारंभ कार्यों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसमें व्यय राशि और रोजगार दिवसों की जानकारी भी उपलब्ध होगी। इस पहल से मनरेगा कार्य में फर्जी मास्टर रोल भरना जैसे भ्रष्टाचार पर काफी हद तक लगाम लग सकेगी।

## जल जीवन मिशन के तहत प्रभावित गांवों में पेयजल उपलब्ध कराए : संबित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

कलेक्टर संबित मिश्रा ने मंगलवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजित कर विभिन्न विभागों के कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जल जीवन मिशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास एवं आधारभूत सुविधाओं से संबंधित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के तहत नए कैंपों और प्रभावित गांवों में शीघ्र पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी ब्लॉकों में आधार कार्ड, राशन कार्ड, जन्म प्रमाणपत्र, पैन कार्ड जैसी नागरिक सेवाओं से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया। बैठक में आत्मसमर्पित नक्सलियों और नक्सल पीड़ितों से संबंधित मामलों की प्रगति पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बिजली विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए।

# ब्लॉक के स्कूलों का एबीईओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर



संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग बस्तर के निर्देशन एवं जिला शिक्षा अधिकारी बस्तर के मार्गदर्शन में एबीईओ बस्तर सुशील कुमार तिवारी द्वारा ब्लॉक बस्तर के अंतर्गत संचालित विभिन्न प्राथमिक, माध्यमिक, हाइस्कूल व हायर सेकंडरी शालाओं का लगातार निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में उनके द्वारा दूरस्थ अंचल स्थित शालाओं तक पहुंचकर शालाओं के निरीक्षण के साथ-साथ शिक्षकों से सतत सम्पर्क कर शिक्षा व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त व कसावट लाने प्रयास किये जा रहे है।

दूरस्थ अंचल की शाला, संकुल पाथरी के अंतर्गत प्राथमिक शाला कावडग़ांव, माध्यमिक शाला कावडग़ांव, प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला गोंडियापाल सहित बालक आश्रम शाला का भी निरीक्षण किया गया। प्राथमिक शाला के बच्चों से अक्षर ज्ञान की जानकारी ली गई। वही माध्यमिक शाला के बच्चों से महापुरुषों के नाम, पहाड़ा व अंग्रेजी में सप्ताह के नाम के बारे में पूछा गया। कुछ बच्चों ने ही हाजिर जवाब दिया लेकिन अधिकांश बच्चे कमजोर पाए गए। स्थिति सुधारने प्रभारी को समझाईश दी गई। अगले क्रम में संकुल गोंडियापाल की प्राथमिक व माध्यमिक शाला बांसपानी का अवलोकन किया गया। यहां प्राथमिक शाला की 5वीं की बच्ची ने धाराप्रवाह 15 तक का पहाड़ा सुनाया जिससे अधिकारी द्वारा प्रभावित होकर काफी प्रशंशा की गई। माध्यमिक शाला बांसपनी में 8वीं में दर्ज कुल 36 बच्चों में केवल 26 बच्चे उपस्थित मिले पूछने पर पता चला कि 10 बच्चों से वे उनके पालको से सतत सम्पर्क करने पर भी शाला नही आ रहे है।

मेरे द्वारा इसे गंभीरता से लेते हुए त्वरित दूरभाष से ग्राम सरपंच से बात कर ग्रामीण स्तर पर आवश्यक पहल करने को कहा गया, जिस पर सरपंच बांसपनी द्वारा सम्बन्धित पालको से चर्चा कर हल निकालने का आश्वासन दिया गया है। बच्चों का स्तर आशा के अनुरूप नहीं पाया गया। जबकि पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध है। बच्चों को पहाड़ा का ज्ञान न के बराबर पाया गया।

### असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ की हुई बैठक



**तोकापाल।** क्षेत्र के युवाओं के पलायन और बेरोजगारी की बढ़ती समस्या को लेकर आज बास्तानार ब्लॉक में असंगठित क्षेत्र समस्या निवारण प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में प्रकोष्ठ के जिला पदाधिकारी हेमराज बघेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि बस्तर जैसे खनिज एवं वन संपदा से भरपूर संभाग में आज भी युवाओं को रोजगार के अभाव में अपने घर-गांव छोड़कर अन्य राज्यों में मजदूरी करने जाना पड़ रहा है। बैठक में यह भी बताया गया कि इन युवाओं में से कई बंधुआ मजदूरी जैसी कुप्रथा का शिकार हो रहे हैं। यह स्थिति सरकार की नीतियों की विफलता को उजागर करती है। डबल इंजन की सरकार का दावा केवल कागजों में सीमित रह गया है। न तो राज्य और न ही केंद्र सरकार बस्तर के युवाओं के लिए ठोस रोजगार या स्वरोजगार योजना ला पा रही है।

# ओलंपिक रजिस्ट्रेशन में लाएं प्रगति: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि बस्तर ओलंपिक के लिए पंजीयन कार्य को नियमित तौर पर तेजी के साथ करने सहित अद्यतन प्रगति लायी जाए। इस दिशा में खेल एवं युवा कल्याण, शिक्षा विभाग और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा समन्वित रूप से पंजीयन कार्य को सुनिश्चित कर आशातीत प्रगति लायी जाए। वहीं जिले में आयुष्मान भारत कार्ड पंजीयन एवं वय वंदन योजना के तहत पात्र हितग्राहियों का पंजीयन शीघ्र पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने मंगलवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में उक्त निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बस्तर ओलम्पिक पंजीयन की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में अब तक 7000 से अधिक प्रतिभागियों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। इसे लक्ष्य के अनुरूप शीघ्र पूर्ण करने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। कलेक्टर ने जिले के विभिन्न विभागों की समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व, नगरीय निकाय एवं अन्य विभागों की प्रगति की जानकारी ली और शासन की योजनाओं के कारगर क्रियान्वयन पर जोर दिया। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की भी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि यह योजना सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और आम जनता के बिजली बिलों को कम करने के उद्देश्य से शुरू की गई है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में इस योजना का स्कोप अधिक है, इसलिए अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ा जाए। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना घरों में सोलर पैनल लगाकर मुफ्त बिजली प्रदान करने की एक महत्ती योजना है, जिसमें एक किलोवाट तक के सिस्टम के लिए केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा अनुदान दी जाती है।

## शहर के आसपास आदिवासियों की जमीनें हथिया रहे दलाल

**जगदलपुर।** भोले भाले आदिवासियों को उनके ही जमीन से हटाने के षड्यंत्र के खिलाफ बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के अध्यक्ष नवनीत चांद के नेतृत्व में ग्राम पंचायत कुरंदी -2 तथा ग्राम चिलकुटी के ग्रामवासियों के साथ तहसीलदार से कार्रवाई करने की मांग की गई। नवनीत ने कहा कि जगदलपुर से 5 किलोमीटर दायरे के आसपास जमीन दलाल मिली भगत से दशकों से रह रहे ग्रामीणों की जमीन छीनने लगे हैं। यह तुरंत कार्रवाई एवं जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को बेघर करने की साजिश ,फर्जी तरीके से पट्टा बनाकर, सरकारी जमीनों पर नक्शा बैठाने का कार्य बड़े पैमाने में किया जा रहा है। मुक्ति मोर्चा ने कहा कि ग्रामवासियों ने आज आवेदन देकर संपूर्ण प्रकरण की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। प्रशासन की असंवेदनशीलता भू माफियाओं की हिम्मत को बढ़ा रहा है ।

## फोटो, विडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लेकमेल करने वाले गिरफ्तार

**जगदलपुर।** मोबाइल में मिली फोटो और विडियो को वायरल करने की धमकी देने वाले आरोपी को बोधघाट पुलिस ने ओडिशा से गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से दो मोबाइल जब्त कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश व एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं सीएसपी सुमित कुमार डी धोत्रे के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थी ने बताया कि 30 सितम्बर को रेलवे स्टेशन जगदलपुर में उसका मोबाइल गुम हो गया था। गुम मोबाइल आरोपी को मिलने के बाद वह मोबाइल से प्रार्थी का अश्लील निजी फोटो विडियो को वायरल करने की धमकी देकर ब्लेकमेल कर पैसा की मांग कर रहा था। प्रार्थी कि रिपोर्ट पर धारा 308.2 बीएनएस तथा 67 आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही थी। टीम के द्वारा कॉल डिटेल एवं मोबाइल लोकेशन के आधार पर संदेही बिरची पिता गोबर्धन पनिग्राही 38 वर्ष निवासी राजखारियर जिला नयापारा ओडिसा को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से दो मोबाइल जब्त कर पूछताछ किया गया। आरोपी द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार करने तथा पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने से उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। त्वरित कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई ललित सिंह नेगी, लोकेश्वर नाग, एएसआई सतीश श्रीवास्तव आदि की भूमिका रही।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक

Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By
Sri Sri Tattva
Bengaluru

सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज

पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### तीन परिवारों को 12 लाख की सहायता राशि स्वीकृत

**कांकेर।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने प्राकृतिक आपदा से पीड़ित तीन परिवारों सरोना तहसील के ग्राम सारण्डा निवासी 55 वर्षीय हिराराम भास्कर की गड्ढा में गिरकर डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी चैतीबाई के लिए चार लाख की राशि स्वीकृत की है। सरोना तहसील के ग्राम बासनवाही की 62 वर्षीय कोमल नेताम की नाली में डूबकर मृत्यु होने के प्रकरण में उनकी पत्नी मानबाई के लिए चार लाख और कांकेर तहसील के ग्राम मोदे निवासी 50 वर्षीय देवकीबाई कोरेटी की सर्प काटने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम प्रभुराम के लिए चार लाख रूपए की सहायता राशि स्वीकृत किया। स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान हितग्राही के बैंक खाता में डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

### स्थापना दिवस मनाने 9 को आयोजित की जाएगी बैठक

**चारामा।** सर्व पिछड़ा वर्ग समाज 17 अक्टूबर को स्थापना दिवस मनाया जाएगा, इस विषय को लेकर 9 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे तहसील साहू सदन जैसाकर्रा चारामा में बैठक रखी गयी है। उक्त बैठक में स्थापना दिवस पर एवं मुख्यमंत्री आगमन पर विशेष विचार विमर्श किया जाना है। उक्ताशय जानकारी ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार साहू ने दिया।

### पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक होगी कल

**दुर्गुकोंदल।** ग्राम हाटकोंदल में सर्व पिछड़ा वर्ग समाज ब्लॉक दुर्गुकोंदल क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण बैठक 9 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। यह बैठक बाजार स्थल हाटकोंदल में दोपहर 12 बजे से प्रारंभ होगी। बैठक में भानुप्रतापपुर में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के आगमन को लेकर तैयारियों और संगठनात्मक रणनीति पर चर्चा की जाएगी।

### विशेष रोजगार मार्गदर्शन शिविर आज

**जगदलपुर।** राज्य सरकार ने प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर प्रदान करते हुए 9 और 10 अक्टूबर को राजधानी रायपुर में एक राज्य स्तरीय रोजगार मेला आयोजित करने की घोषणा की है। दो दिवसीय मेले में राज्य भर से 114 कंपनियां शामिल होंगी, जिनके माध्यम से युवाओं को 8,000 से 10,000 तक रोजगार के अवसर मिलने की संभावना है।

---

### आयोजन: समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने की लंबित कार्यों की समीक्षा

# जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में ई-ऑफिस माध्यम से अनिवार्यतः करें कार्य : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



■ एक ही खाते में विभिन्न योजनाओं की आवंटित राशि जमा कराएं

कलेक्टर निलेश क्षीरसागर ने समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों में लंबित एवं अपूर्ण कार्यों की समीक्षा करते हुए उनका निराकरण शीघ्रता से करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी शासकीय कार्यालयों में फाइलों का मूवमेंट ई-ऑफिस के माध्यम से अनिवार्य रूप से करने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशानुसार अब से सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस के ऑनबोर्डिंग के जरिए ही ऑटोमेशन किया जाना है। इसके लिए सभी जिला स्तरीय कार्यालयों एवं अधीनस्थ कार्यालयों को व्हीपीएन जारी किया जा चुका है। इस दौरान उन्होंने विभिन्न एजेण्डों पर चर्चा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन विभागों में एक से अधिक बैंक खाते संचालित हैं, उन्हें बंद कराकर एक ही खाते में विभिन्न योजनाओं के तहत आवंटित राशि को जमा कराएं।

इसके अलावा कलेक्टर ने एग्रीस्टैक पोर्टल में किसानों का पंजीयन और गिरदावरी की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। आगामी 12 अक्टूबर को मुख्यमंत्री द्वारा ली जाने वाली कलेक्टर कॉन्फ्रेंस की तैयारियों को लेकर उन्होंने एजेण्डावार समीक्षा करते हुए इस सप्ताह के अंत तक अभियानपूर्वक लंबित प्रकरणों में तेजी लाने और ऑनलाइन एंट्री पूर्ण करने के निर्देश दिए। विशेष तौर पर राजस्व विभाग के प्रकरणों को जल्द से जल्द निराकृत करने के लिए सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके अलावा उन्होंने एलडब्ल्यूई सर्वे, नियद नेल्लानार योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अटल डिजिटल सेवा केन्द्र, पोषण पुनर्वास केन्द्र, राष्ट्रीय सिकल सेल्स उन्मूलन कार्यक्रम, जन औषधि केन्द्र, पीएम जनमन, मातृ वंदना सहित केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की विषयवार समीक्षा की।

साथ ही कलेक्टर ने आगामी धान खरीदी के संबंध में तैयारियों को लेकर खाद्य एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ भानुप्रतापपुर हेमचंद पहारे, जिला पंचायत के सीईओ हरेश मंडावी, अपर कलेक्टर द्वय जितेन्द्र कुमार कुर्रे एवं ए.एस. पैकरा सहित सभी अनुविभागीय अधिकारी और जिला स्तर के अधिकारीगण मौजूद थे।

---

## महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में महर्षि वाल्मीकि की मनी जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भानुप्रतापपुर

शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर में मंगलवार को संस्था प्रमुख डॉ. रश्मि सिंह के दिशा निर्देश में महर्षि वाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। सभी ने महर्षि वाल्मीकिजी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. नसीम अहमद मंसूरी ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन, उनके आदर्शों तथा रामायण की रचना से समाज को मिली प्रेरणा पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वाल्मीकि जी ने अपने तप, त्याग और साधना से मानवता को सच्चे धर्म और कर्म का मार्ग दिखाया। एनईपी संयोजक रितेश कुमार नाग ने कहा कि यह हम सबके लिए गर्व का विषय है कि हमारे महाविद्यालय का नाम ऐसे महान ऋषि के नाम पर रखा गया है, जिन्होंने भारतीय संस्कृति और साहित्य को अमर काव्य रामायण की सौगात दी। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें भी वाल्मीकि के आदर्शों पर चलकर समाज में शिक्षा, समानता और सद्भाव का संदेश फैलाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस सहायक कार्यक्रम अधिकारी योगेश यादव ने किया। उन्होंने महर्षि वाल्मीकि जी के जीवन की प्रेरणादायक घटनाओं का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों को उनके कर्मयोग और आत्मज्ञान से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित थे।

### दुर्गूकोंदल में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता 18 से

**दुर्गूकोंदल।** ग्राम पंचायत दुर्गूकोदल में आगामी 18 से 23 अक्टूबर तक पंचायत स्तरीय 5 दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता उन्मुक्त खेल मैदान दुर्गूकोंदल में होगा। प्रतियोगिता में केवल 32 टीमों को ही प्रवेश दिया जाएगा।

---

## कुत्ता के मुंह में दिखा नवजात भ्रूण का शव, पुलिस जांच शुरू



**भानुप्रतापपुर।** नगर के सुभाषपारा क्षेत्र से इंसानियत को शर्मसार करने वाली एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। जानकारी के अनुसार बीती रात लगभग 1 बजे कुत्ता ने नवजात शिशु के शव को मुंह में लेकर घूमता हुआ दिखाई दिया। यह दृश्य देखकर क्षेत्र के एक युवक ने तस्वीर खींचकर सोशल मीडिया पर साझा किया। तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है। स्थानीय लोगों के मुताबिक नवजात शिशु लगभग छह माह से अधिक का प्रतीत होता है, जिससे यह अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी अस्पताल में गर्भपात के बाद शव को फेंक दिया गया होगा। घटना स्थल अंतागढ़ रोड स्थित सुभाषपारा बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि यह अमानवीय कृत्य किसके द्वारा किया गया।

## बस्तर की प्रतिभा, संस्कृति और संभावनाओं को मिलेगा राष्ट्रीय मंच

**कांकेर।** जनसंपर्क विभाग बस्तर संभाग के सभी जिलों के जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से बस्तर राइजिंग नामक विशेष अभियान 8 अक्टूबर से शुरू होने जा रहा है। दो सप्ताह तक चलने वाला यह अभियान बस्तर संभाग के सातों जिलों में आयोजित किया जाएगा।

इस अभियान का उद्देश्य बस्तर की सांस्कृतिक, पर्यावरणीय और उद्यमशील क्षमताओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करना है। अभियान के दौरान विशेषज्ञों, युवाओं, शिल्पकारों और स्थानीय समुदायों के बीच संवाद, कार्यशालाएं और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन किए जाएंगे। बस्तर राइजिंग का कारवां कांकेर, केशकाल, नारायणपुर, कोण्डागांव, सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, चित्रकोट, बारसूर और जगदलपुर का भ्रमण करेगा। इस दौरान बस्तर की कला, हस्तशिल्प, कृषि, पर्यटन, खेल और शिक्षा से जुड़ी संभावनाओं पर विशेष फोकस किया जाएगा। अभियान का समापन रायपुर में हार्मोनी फेस्ट 2025 के रूप में होगा, जिसमें बस्तर की प्रेरक कहानियां, नवाचार और सांस्कृतिक विरासत प्रदर्शित की जाएंगी। यह आयोजन दिल मेला-दिल में ला थीम पर आधारित होगा। बस्तर राइजिंग का उद्देश्य है बस्तर को संघर्ष की नहीं, संभावनाओं की भूमि के रूप में प्रस्तुत करना और वहां के नागरिकों के लिए वास्तविक अवसरों का सृजन करना है।

## युवकों ने शर्ट उतारकर निकाली रैली, दोषी ठेकेदारों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गूकोंदल

■ स्कूलों भवन मरम्मत में गड़बड़ी का मामला

■ कार्रवाई करने को लेकर सौंपा ज्ञापन



विकासखंड दुर्गूकोंदल में मुख्यमंत्री जतन योजना, समग्र शिक्षा योजना, विशेष केन्द्रीय मद से 163 प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल के जर्जर भवनों की मरम्मत के लिए 6 करोड़ 63 लाख रूपए स्वीकृति हुए थे। लेकिन 30 प्रतिशत राशि खर्च कर 100 प्रतिशत मूल्यांकन कर राशि गबन किया गया, जिससे नाराज युवकों ने दोषी ठेकेदारों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर शर्ट उताकर रैली निकाल ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में शामिल युवाओं का कहना है कि विकासखंड दुर्गूकोंदल के 163 स्कूलों में भवन निर्माण कार्य में गफलत हुई है। भवन की सही ढंग से मरम्मत किए बिना ठेकेदारों ने सब इंजीनियर और खंड शिक्षा अधिकारी से मिलकर राशि को डकार गए है। मावा मोदेल के ठेकेदार से पैसा लेनदेन के मामले का वीडियो वायरल होने पर सब इंजीनियर को निलंबित किया जा चुका है। इसके अलावा खंड शिक्षा अधिकारी का भी स्थांतरण कर दिया गया है। आक्रोशित युवकों का कहना है कि इस मामले की जाँच करके दोषी ठेकेदार और संलिप्त अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया जाए। मामले में कार्यवाही नहीं होने पर कई बार आंदोलन किया गया, 7अक्टूबर को ब्लाक मुख्यालय दुर्गुकोंदल में शर्ट उतारकर प्रदर्शन करते हुए माँग किया गया कि जांच कार्यवाही में शिक्षा विभाग के एक भी अधिकारी कर्मचारी को ना रखा जाये। इस प्रदर्शन के 15 दिवस के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो नग्न प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

### ये हुए शामिल

इस प्रदर्शन में हरेश रावटे, दीपक कल्लो, अश्वन दुग्गा, सुखेन्द्र बढ़ाई, बल्दूराम दर्रो, विष्णु कोवाची, राजेश गोटा, अनिल नेताम, प्रदीप कोमरा, नवीन टेकाम, संतलाल कल्लो, रूपेश जैन, पीलाराम उयके, मिथलेश सोरी, भुनेश नरेटी, श्याम सिंह नरेटी, भीमराज कल्लो, देवराज सलाम, ओमप्रकाश गावड़े, सुरेश पुड़ो, शंकर कुंजाम, अजय मरकाम, संजय मरकाम, मिथलेश मंडावी सहित अन्य युवक शामिल रहे।

---

## भानुप्रतापपुर विवाद : दोनो पक्षों की शिकायत पर काउंटर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

भानुप्रतापपुर में दो पक्षों में हुआ विवाद बढ़ता हुआ नजर आ रहा है। दोनो पक्षों की शिकायत पर काउंटर मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अुनसार 2 अक्टूबर को विवाद तब हुआ जब एक परिवार दशहरा देखने कराठी से भानुप्रतापपुर आ रहे थे, वहीं रेलवे ब्रिज के पास एक युवा कार से भानुप्रतापपुर से संबलपुर की ओर जा रहे था। कार टकराते टकराते बचने पर कहासुनी हुई और उसके बाद धक्कामुक्की भी हुई। 2 अक्टूबर को लगा कि माहौल शांत हो गया, परंतु 3 अक्टूबर को चौपाटी में जब लात घूसों से पिटाई का नजारा चला।

### एक पक्ष की रिपोर्ट का यह है खुलासा

भानुप्रतापपुर थाना में शिकायत करने पहुँचे 37 वर्षीय निशान्त ठाकुर पिता दिलीप सिंह ठाकुर ने पुलिस को बताया कि मैं कराठी भानुप्रतापपुर का रहने वाला हूं। मैं 2 अक्टूबर को लगभग रात्रि साढ़े 8 बजे मैं अपनी कार क्रमांक सीजी 04 एनबी 7476 से अपने परिवार के साथ दशहरा देखने भानुप्रतापपुर आ रहा था। कि रेल्वे ओव्हर ब्रिज संबलपुर रोड के पास पहुंचा था कि प्रियांसु जायसवाल निवासी भानुप्रतापपुर अपनी कार से संबलपुर की ओर जा रहा था। पोस्ट आफिस भानुप्रतापपुर के सामने लाकर अपनी कार को मेरी कार के सामने खड़ा कर दिया तब मेरे द्वारा बोला गया कि, क्या हो गया तो उसके द्वारा बोला गया कि, तू कैसे गाडी चला रहा था, बोलकर मुझे अपशब्दों का प्रयोग करने लगा और मुझे कार से बाहर खींचकर मुझसे लड़ने लगा। उसके द्वारा गाली देने पर मैरे द्वारा विरोध किए जाने पर उसने मुझसे धक्का मुक्की शुरू कर दिया और जिंदा गाड़ देने की बात करने लगा। ऐसा कहते हुए मुझे हाथ मुक्का से मारने लगा, इसी बीच मैने ठीक सामने अपने घर के गली में खड़े भाई शुभम ठाकुर को फोन करके बुलाया। प्रियांसु अपने भाई आर्यन और मित्र अनुराग शर्मा और बाकी दोस्तों को बुलाकर हम दोनो को मारपीट करना शुरू कर दिया। पास से गुजर रहे अखिलेश तिवारी ने बीच बचाव के लिए और हम दोनो भाईयों को लडाई झगडा से बीच बचाव किया। 3 अक्टूबर को सायं लगभग साढ़े 7 बजे शाम को अपने परिवार के साथ हाई स्कूल मैदान के सामने चौपाटी में गया था। उसी समय आर्यन जायसवाल और अनुराग शर्मा वहां पर आए। उसके बाद आर्यन जयसवाल अपने बडे भाई प्रियांसु जायसवाल पिता जितेन्द्र जायसवाल और मां राजकुमारी जायसवाल को बुला लिए। और मारपीट करने लगे। पुलिस ने आरोपी प्रियांशु जायसवाल, आर्यन जायसवाल, जितेंद्र जायसवाल, राजकुमारी जायसवाल और अनुराग शर्मा के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (2), 3 (5) तहत मामला दर्ज किया है।

### दूसरे पक्ष की रिपोर्ट का यह खुलासा

भानुप्रतापपुर थाना में पहुँचे प्रियांसु जायसवाल पिता जितेन्द्र जायसवाल उम्र 23 वर्ष ग्राम सुभाषपारा भानुप्रतापपुर निवासी ने पुलिस को बताया कि मैं ट्रांसपोर्टर का कार्य करता हूँ। मेरे साथ 2 अक्टूबर को हुई घटना के बारे में 4 अक्टूबर को लिखित में आवेदन दिया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी निशांत ठाकुर के खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (2) के तहत मामला दर्ज किया गया। आर्यन जायसवाल ने भी मारपीट की शिकायत किया और आरोपी निशांत ठाकुर, अक्षत ठाकुर, शुभम ठाकुर और संदीप सिंह पवार के खिलाफ खिलाफ धारा 296, 115 (2), 351 (2), 3 (5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

## बेलनार में नया फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा



छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजना नियद नेल्लानार के तहत इस क्षेत्र के ग्रामीणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने का उद्देश्य होगा।

प्रतिकूल मौसम एवं दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद सुरक्षा बलों ने सभी चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए माओवादियों के कोर जोन क्षेत्र में यह कैंप स्थापित किया। इस कैंप की स्थापना से जिला बीजापुर तथा नारायणपुर के अब तक पहुंचविहीन गांवों को जोड़ा गया। बेलनार कैम्प से आसपास के ग्रामीणों को अब सड़क, बिजली, मोबाइल नेटवर्क, स्वास्थ्य केंद्र, पीडीएस दुकानें, शिक्षा एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध हो सकेंगी। बीजापुर के सुदूर अंचल क्षेत्रों में नक्सल उन्मूलन अभियान एवं विकासात्मक कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से यह कैम्प स्थापित किया गया। यह कार्य आईजी सुन्दरराज पी., पुलिस महानिरीक्षक सीआरपीएफ, कमलोचन कश्यप, पुलिस उप महानिरीक्षक राकेश चौधरी, उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ के मार्गदर्शन तथा एसपी गौरव राय, कमांडेंट 165वीं वाहिनी सीआरपीएफ,राकेश यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) उदित पुष्कर दंतेवाड़ा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम कुमार बर्मन के निर्देशन एवं पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। यह कार्य दंतेवाड़ा तथा बीजापुर पुलिस, 165 बटालियन सीआरपीएफ के अथक प्रयासों एवं कोबरा 201वाहिनी, यंग प्लाटून 230 वाहिनी, यंग प्लाटून 111वाहिनी की सक्रिय भागीदारी तथा सक्रिय सहयोग और समन्वय से संभव हो पाया है।

### मायद नुनी कार्यक्रम का द्वितीय चरण प्रारंभ

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन तथा जिला सीईओ मुकुन्द ठाकुर के मार्गदर्शन में बुधवार से बालिका जागरूकता कार्यक्रम मायद नुनी (हमारी बेटियां) कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। जिले में संचालित 12 बालिका आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 9वीं से 12वीं तक की किशोरी बालिकाओं को स्वास्थ्य, आत्मरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य, मासिक धर्म स्वच्छता, साइबर सुरक्षा, बालिकाओं के अधिकारों एवं निर्णय क्षमता जैसे विषयों पर जागरूक एवं सशक्त करने के उद्देश्य से मायद नुनी कार्यक्रम प्रारंभ किया जा रहा हैं।

## बढ़ते बिजली के दामों को लेकर भाजपा सरकार के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान



**चारामा।** बिजली चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम के तहत चारामा नगर में युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी अमित सिंह पठानिया, सह प्रभारी डॉ. मोनिका मंडरे, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव पंकज वाधवानी, शोएब अहमद के निर्देश पर युवा कांग्रेस कार्यकर्त्तओ ने बढ़ते बिजली के दामों को लेकर साय सरकार के खिलाफ चारामा के वार्ड क्रमांक 7-8 में हस्ताक्षर अभियान चलाया। साय सरकार के बढ़ते बिजली बिलो के खिलाफ नगरवासियो ने हस्ताक्षर अभियान में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया और अपना विरोध दर्ज किया। यह अभियान अजय अर्जुन देवांगन विधानसभा महासचिव, सुभाष सोनकर पूर्व पार्षद के नेतृत्व में चलाया गया। इस दौरान युवा कांग्रेस के साथी मनीष सोनकर, ओमकार नेताम, अंशु पटेल,चंदन रजक और सभी युवा कांग्रेस उपस्थित रहे।

## प्राशा राऊरवाही में शिक्षा गुणवत्ता और सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

प्राथमिक शाला राऊरवाही में शिक्षा गुणवत्ता और सामाजिक अंकेक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान बच्चों की शैक्षिक प्रगति और विद्यालय की स्थिति की समीक्षा की गई। बच्चों से बिंदुवार प्रश्न पूछे गए, जिनमें साफ-सफाई, गणितीय सवाल, कहानी और कविता शामिल थे। बच्चों ने अपने उत्साह और प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

नोडल अधिकारी मिसरी बाई नायक ने कहा कि बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता को निखारने के लिए ऐसे कार्यक्रम बेहद जरूरी हैं। यह न केवल बच्चों की प्रतिभा को उजागर करता है,



बच्चों ने कराया गया न्योत भोज

बल्कि शिक्षकों और पालकों को भी उनकी प्रगति समझने का अवसर देता है। विद्यालय में साफ-सफाई और पढ़ाई के स्तर को बनाए रखने पर जोर दिया। बलराम टेपरिया ने कहा कि विद्यालय बच्चों के भविष्य की नींव है और इसे मजबूत बनाने के लिए समाज के हर व्यक्ति को योगदान देना चाहिए। सामाजिक अंकेक्षण से विद्यालय की स्थिति और जरूरतों को समझने में मदद मिलती है। शाला समिति अध्यक्ष नरेश कोमरा ने अपने दादा स्व. बंसीराम कोमरा की स्मृति में बच्चों को न्योत भोज कराया। बच्चों को खीर, पुड़ी, सब्जी और दाल परोसी गई, जिसे उन्होंने बड़े चाव से खाया। इस कार्यक्रम ने बच्चों, शिक्षकों और पालकों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा दिया। शिक्षा और स्वच्छता के महत्व पर चर्चा करते हुए कई सुधारात्मक सुझाव भी सामने आए। इस अवसर पर प्राधन पाठक पिंकी मंडल, उपसरपंच तिजन गावड़े, गंगा ठाकुर, मेहरलाल उईके, दीपक कोमरा, लखेश्वर कोमरा, सीया कोमरा एंव पालक उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- B-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411